## एक नजर में

### उनके सत्कर्मों को नहीं भूले जिलेवासी : सिंह



**शाजापुर, 8 जनवरी.** पूर्व गुलाना विधायक व सहकारिता के पितृ पुरूष स्व. मनोहर सिंह की 76वीं जयंती पर उनके पुत्र योगेंद्रसिंह बंटी बना के नेतृत्व में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए निराश्रितों को भोजन कराया गया. रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत में सभी ने श्री सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया. इसके बाद सभी ने निराश्रितों को भोजन वितरित किया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके पुत्र योगेंद्रसिंह बंटी बना ने कहा कि मेरे पिताजी ने हर समय जरूरतमंदों की मदद की. उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में वो स्थान पाया है, जिसकी आज कोई कल्पना भी नहीं कर सकता. मैं भी उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाता रहूंगा, ताकि मेरे पिता की स्मृति हमेशा जिलेवासियों के जहन में रहे.

### देश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हो कार्रवाई



**शाजापुर, 8 जनवरी.** शिवसेना ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा. जिसमे देश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच कर उनके खिलाफकार्रवाई की मांग की गई. नायब तहसीलदार नाहिदा अंजूम को सौंपे गए ज्ञापन में शिवसेना ने बताया कि जिले और प्रदेश में कथित बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच कर कार्रवाई की जाए. जिले और प्रदेश में संदिग्ध व्यक्तियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है. शिवसेना ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण स्थानीय निवासियों के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है. संगठन ने मांग की है कि ऐसे व्यक्तियों की तुरंत पहचान कर गहन जांच की जाए और यदि वे अवैध रूप से रह रहे हैं, तो उन्हें देश से बाहर निकाला जाए. ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के साथ हो रही घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई. शिवसेना ने इन घटनाओं को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया. संगठन ने केंद्र सरकार से संवाद स्थापित कर बांग्लादेश में रह रहे हिंदू परिवारों की सुरक्षा और सहायता के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की. ज्ञापन सौंपते समय शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### निराश्रित गौवंश को गौशाला में रखने की मांग

**सोयतकलां, 8 जनवरी.** सुसनेर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कवराखेड़ी में निराश्रित गोवंश को गौशाला में रखे जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव को ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में गौशाला होने के बावजूद ग्राम कवराखेड़ी एवं दुल्याखेड़ी के निराश्रित गोवंश को सरपंच की मनमानी के चलते गौशाला में नहीं रखा जा रहा है. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गौवंश को लावारिस छोड़ दिए जाने के कारण दोनों गांवों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है. किसानों को लगातार आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रति गाय 40 रुपये प्रतिदिन के मान से गौशाला संचालन हेतु राशि प्रदान की जा रही है, इसके बावजूद निराश्रित गोवंश खुले में घूम रहा है, जो शासन की मंशा के विपरीत है. ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन द्वारा दी जा रही राशि के उपयोग की जांच कर संबंधित राशि को जब्त किया जाए तथा निराश्रित गोवंश को तत्काल गौशाला में रखने के आदेश दिए जाएं. साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए. ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि सुसनेर जनपद क्षेत्र में एशिया का एकमात्र कामधेनु गौ अभ्यारण्य स्थित है, इसके बावजूद क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की समस्या बना रहना चिंताजनक है. उन्होंने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है.

### आज राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली का आयोजन

**शाजापुर, 8 जनवरी.** जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया गया है कि 9 जनवरी शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालयए उज्जैन द्वारा कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन में सुबह 10 बजे से राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जा रहा है. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णुदत्त शर्मा ने क्षेत्र के सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस आयोजन में भाग लें.

### शहरी हाईवे से अतिक्रमण हटाएं, जो यातायात नियम तोड़े, उसका चालान बनाएं

**शाजापुर, 8 जनवरी.** कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा सड़क सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की. कलेक्टर ने ग्रामीण सड़कों पर दृश्यता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क किनारे स्थित जंगल/झाड़ियों की छंटाई करने के निर्देश संबंधित मार्ग निर्माण एजेंसियों को दिए. उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराएं, साथ ही विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों एवं मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सघन चलानी कार्यवाही करने तथा ट्रेक्टर-ट्रॉलियों पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने नगरपालिका शाजापुर सीएमओ को शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे स्थित अवैध दुकानों एवं एबी रोड पर से अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाया जा सके. साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित टीआई के साथ नियमित रूप से सड़क सुरक्षा की बैठकें आयोजित करने एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों की सतत निगरानी एवं स्थानीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए.

**सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं**

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 752 सी पर स्थित दुर्घटना संभावित स्थलों को दृष्टिगत रखते हुए जंक्शन इम्प्रूवमेंट, रम्बल स्ट्रिप, स्ट्रीट लाइटिंग, स्पीड कंट्रोल साइनजेज एवं अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए. कलेक्टर ने विशेष रूप से एनएच-752सी आष्टा-पचोर मार्ग पर प्रमुख जंक्शनों के सुधार एवं एनएच-52 पर बिजाना जोड़ क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने शुजालपुर रेलवे ओवरब्रिज के लिए पृथक एवं सुरक्षित ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार कर उसे प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए, जिससे निर्माण अवधि एवं पश्चात यातायात सुचारु रूप से संचालित किया जा सके.

### कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के कार्यों की समीक्षा

**शाजापुर, 8 जनवरी.** कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें सड़क निर्माण कार्यों, विद्युत विभाग, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई. बैठक में कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर राजकुमार हलदर, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जपं कालापीपल के सीईओ, नगर परिषद के सीएमओ एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

# जो घटना सुर्खियां बटोरे, उसी से जागता है सिस्टम

## इंदौर की घटना के बाद शाजापुर में भी सुनाई देने लगा पानी के शुद्धिकरण का शोर

**शाजापुर, 8 जनवरी. देश-प्रदेश में जब भी कोई बड़ी घटना होती है, जिससे बड़ी जनहानि हो, उसके बाद सिस्टम नींद से जागता है. जो घटना सुर्खियां बटोरती हैं, उसी से जागता है सिस्टम. घटना के पहले कितनी भी शिकायत करो, कभी सिस्टम कुंभकरणीय नींद से बाहर नहीं आता है. यदि एक बस में आग लग जाए, तो पूरे प्रदेश की बसों की जांच के आदेश हो जाते हैं. चंद दिन जांच के बाद घटना ठंडी, जांच ठंडी. कहीं बोरिंग में कोई बच्चा गिर जाए, तो प्रदेश के सभी खुले बोरिंग को तलाश करने में जुट जाता है सिस्टम. किसी जगह यदि जिलेटिन भंडारण में आग लग जाए, तो पूरे जिले में अवैध भंडारण को लेकर सिस्टम सक्रिय हो जाता है. अब इंदौर के जहरीले पानी से मौत के बाद प्रदेश के हर जिले में पानी के शुद्धिकरण पर जोर है. इसी क्रम में शाजापुर में भी पानी के शुद्धिकरण को लेकर दिशा-निर्देश, बैठकें, निरीक्षण, टंकी सफाई शुरू हो गई है.**

गौरतलब है कि जब भी देश-प्रदेश में बड़ी घटना होती है, तो सिस्टम तभी कुंभकरणीय नींद से जागता है. घटना के पहले ही यदि सिस्टम अपना काम करे, तो शायद घटना न हो. बसों की यदि नियमित जांच हो, जिलेटिन भंडारण या अवैध पटाखों की नियमित जांच हो, पेयजल सप्लाय की टूटी पाइपलाइन की समय से जांच हो जाए, तो शायद बड़ी घटना को रोक सकते हैं, लेकिन सिस्टम के पास समय नहीं है. देश में अभी तक जितनी भी बड़ी घटना हुई है, उसके बाद ही सिस्टम की नींद खुली है. हालांकि जैसे-जैसे घटना पुरानी हो जाती है, सिस्टम फिर कुंभकरणीय नींद में सो जाता है. इंदौर के जहरीले पानी से मौत के बाद प्रदेश के साथ शाजापुर में भी पानी के शुद्धिकरण को लेकर नेता-अधिकारी सक्रिय दिख रहे हैं. काश ये सक्रियता यदि हमेशा नजर आए, तो ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकती है.

### शिकायतों पर घटना के बाद आता है ध्यान...

आमजन जब भी किसी मामले की शिकायत करते हैं, तो अधिकारी और सिस्टम उसे अनदेखा कर देता है, लेकिन जब लोगों की शिकायत किसी घटना का रूप ले लेती है, तो उसके बाद सिस्टम जागता है. शाजापुर में वैसे तो शुद्ध पेयजल को लेकर हाल फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन फिर भी समय-समय पर यदि पानी की टंकियों की सफाई होती रहे, तो शाजापुर में कभी इंदौर की घटना देखने को न मिले. जो पानी की टंकियों और पेयजल शुद्धिकरण पर सिस्टम इतना सक्रिय है, यदि हमेशा सक्रिय रहे, तो हो सकता है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके.

### आपदा में भी अवसर की तलाश...

इंदौर में दूषित पेयजल से दो दर्जन की मौत के बाद शाजापुर नगर पालिका ने भी 25 किमी नई पाइप लाइन के लिए सरकार से पैसे की मांग कर डाली. यदि इंदौर की घटना नहीं होती, तो शायद शाजापुर की पुरानी पाइप लाइन को बदलने के लिए कोई सोचता भी नहीं, लेकिन अब आपदा में अवसर की कहावत को चरितार्थ करते हुए शाजापुर में 25 किमी पाइप लाइन डालने के लिए राशि की मांग की गई है.

*इनका कहना है...*

*शहर में सभी पानी की टंकियां समय-समय पर साफ होती हैं. शहर में किसी भी पाइप लाइन में सिवरेज का पानी नहीं मिल रहा है. जहां पाइप लाइन पुरानी हो गई है, उन्हें बदलने के लिए कार्यवाही की जा रही है.*

***- भूपेंद्र दीक्षित, सीएमओ, शाजापुर***

# नए सेठ ने ओपन की मोहन बड़ोदिया थाने की दरें...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

जब भी थाने पर कोई थाना प्रभारी सेठ बनकर आता है, तो वो अपने हिसाब से दरें तय करता है. अब मोहन बड़ोदिया के नए सेठ ने भी थाने पर आते ही भ्रष्टाचार का विकेंद्रीकरण कर दिया है. वसूली के रूप में दारू की दुकान से भी नई दरें तय हुई हैं. जुएं-सट्टे के लिए भी पुरानी दरों को संशोधित किया गया है. वाहन चैकिंग में होने वाली रोज की इनकम में भी बढ़ोत्तरी का टारगेट तय किया गया है. ये सब वसूली सरकारी खजाने के लिए नहीं, बल्कि बड़ोदिया थाने के नए सेठ ने नए साल में अपनी जेब को मजबूत करने के लिए की है. हालांकि इन दरों में पदस्थ पुलिसकर्मियों का हिस्सा न के बराबर रहेगा, क्योंकि सेठजी ने नए साल के पहले दिन ही जुएं से 60 हजार कमाए थे और पुलिसकर्मियों को 4 हजार बांटे थे. अब देखना है कि बड़ोदिया थाने के गल्ले का सूचकांक कितनी ऊंचाई प्राप्त करता है. जो दारू की बंदी पहले से थी, उसमें इजाफा किया गया है. जुएं-सट्टे की बंदी में भी इजाफा हुआ है. याने कि अब बड़ोदिया थाना दुकान का रूप ले चुका है. अब देखना यह है कि बड़ोदिया थाना जो दुकान में परिवर्तित हो गया है, इसमें कितनी आवक होती है. सभी दरें संशोधित कर संबंधितों को अवगत करा दिया गया है. जिसे भी जुआं-सट्टा चलाना है या शराब की दुकान चलाना है, तो उसे नई संशोधित दरों के हिसाब से ही हर महीने बंदी देना होगी. जो इन संशोधित दरों पर बंदी नहीं देगा, उनके खिलाफ रोजनामचा भरा जाएगा. बड़ोदिया के सेठजी जिस थाने पर रहे, वहां उन्होंने अपनी संशोधित दरें इतनी बढ़ा दी कि इन थानों पर जो भी नया आता है, उसे ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है. इस हिसाब से तो जब भी कोई नया थाना प्रभारी आएगा, तो उसे वसूली का नया इंक्रीमेंट लगा लगाया मिलेगा.

**मिश्रा जी भी लगे रोजगार से...**

***मगरुरियत में जिस दर को ठोकर मारकर आया था, मुकद्दर घूमकर उसी की चौखट पर ले आया...*** लंबे समय से रोजगार की तलाश में थे बृजेश मिश्रा. उन्हें अवंतिपुर बड़ोदिया के रूप में रोजगार मिल गया. पिछले दिनों आई लिस्ट में उन्हें भी अवंतिपुर बड़ोदिया में थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है. कोतवाली से हटने के बाद वे लंबे समय तक कटी पतंग की तरह हो गए थे, लेकिन अब उन्हें नया ठोर मिल गया है.

**कबीले बदलने की फैशन...**

पटरी बदल रही थी एक रेल और हमें वो मंजर देखकर नेताओं की याद आ गई... राजनीति में खेमा बदलना, कबीला बदलना, आका बदलना अब फैशन बन गया है. कौन कब फूफा बन जाए, कौन कब ननद की भूमिका में आकर राजनीति की गृहस्थी में धमाल मचा दे, ये आम चलन हो चला है. शाजापुर की राजनीति में भी इन दिनों मंजर देखकर कबीले बदलने की फैशन शुरू हो गई है. हालांकि कबीला बदलना कोई नई बात नहीं है, कौन किस बात पर किसका कबीला ज्वाइन कर ले, किस कबीले को छोड़ दे, कह नहीं सकते हैं. भाजपा की राजनीति में कबीला संस्कृति चरम पर है. यहां किसी को कबीले की चिंता नहीं है, कबीले का सरदार कौन होगा, इस बात की चिंता है.

**अंत में...**

नदी के घाट पर अगर सियासी लोग बस जाएं, तो प्यासे होंठ एक-एक बूंद पानी को तरस जाएं...

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण-भूमिपूजन आज

**शाजापुर, 8 जनवरी.** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी की अध्यक्षता में 9 जनवरी को जिला आयुष कार्यालय अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर मंगलाज, गौलाना एवं कैथलाय का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जाएगा. जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि 9 जनवरी को शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंगलाज का लोकार्पण 10.30 बजे किया जाएगा. वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर गौलाना का भूमिपूजन दोपहर 1 बजे एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कैथलाय का भूमिपूजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा.

### मैजिक-बोलेरो की टक्कर, 2 घायल

**शाजापुर, 8 जनवरी.** सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोल्टा कॉलोनी के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक मैजिक वाहन और बोलेरो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस हादसे में बोलेरो में सवार चार लोग मामूली घायल हो गए. हादसे की सूचना मिलते ही सुनेरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. डायल 112 की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया. घायलों में रिछोदा निवासी गिरवर सिंह 45 पिता गंगाराम और पुरुषोत्तम पिता हरिनारायण शामिल हैं. दोनों को मामूली चोट आई है और उनका उपचार शाजापुर जिला अस्पताल में जारी है. उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है. बताया जाता है कि बोलेरो वाहन में सवार लोग अपने निजी कार्य से बाटखेड़ी से रिछोदा की ओर जा रहे थे. तभी रांग साइड से आ रही मैजिक ने उसे टक्कर मार दी. जिस मैजिक वाहन से हादसे हुई, उस पर संस्कार पब्लिक स्कूल लिखा हुआ था. हादसे के समय मैजिक वाहन खाली था और उसमें कोई सवारी मौजूद नहीं थी.

### विभागीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर, 8 जनवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई. बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने पीएम स्वनिधि योजना, पीएमएफएमई योजना, एनआरएलएम, एसएचजी, पशुपालन केसीसी एवं अन्य शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए. उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य से अधिक प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने तथा संबंधित बैंक के अधिकारियों से समन्वय कर लगाए गए प्रकरणों की कमियों की शत-प्रतिशत पूर्ति कराने के निर्देश दिए. साथ ही सभी बैंक अधिकारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए. इस मौके पर जिपं सीईओ सुश्री अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, एलडीएम विनोद कुशवाह, उपसंचालक उद्यानिकी मनीष चौहान, पशु चिकित्सा उपसंचालक डॉ. प्रशांत महाडिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### आरसेटी शाजापुर में कस्टम ज्वेलरी निर्माण उद्यमी प्रशिक्षण का समापन

**शाजापुर, 8 जनवरी.** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में कस्टम ज्वेलरी निर्माण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा था. इस मौके पर जिपं से बलवंत शितोले, जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार, मनोज जोशी, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, संजय कुमार एवं श्रीमती नकवी, निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राजेश परमार, सुमित खत्री, सुश्री तन्वी सोनी, महेश कुमार मालवीय एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे.

# 12 जनवरी को जिले में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**शाजापुर, 8 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने के अवसर पर आगामी 12 जनवरी को जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं, तहसील, विकासखंड एवं जिला मुख्यालय स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई. कलेक्टर ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विद्यार्थियों व युवाओं, सभी शिक्षकों एवं सभी शासकीय सेवकों, गैर शासकीय, खेल संगठनों, सामाजिक संगठनों आदि की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए कहा.**

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर जिम्मेदारियां सौंपने के भी निर्देश दिए. जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे ने 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय उत्कृष्ट उमावि के खेल मैदान पर आयोजित होगा. उन्होंने बताया कि इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9 बजे से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित होगा. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 9 बजे से विद्यार्थियों को संबंधित शिक्षण संस्था के मैदान में एकत्र किया जाएगा एवं उन्हें सूर्य नमस्कार के लिए आवश्यक दूरी बनाकर पंक्तिबद्ध कराया जाएगा. प्रात: 9.20 बजे मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आगमन प्रस्तावित है. इसके उपरांत प्रात: 9.28 बजे मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया जाएगा. आकाशवाणी के मध्यप्रदेश के सभी केन्द्रों से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रात: 9.30 बजे से 10.15 बजे तक किया जाएगा. प्रसारण के क्रम में राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम शामिल रहेगा. सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि आकाशवाणी के प्रसारण के लिए पूर्व की भांति रेडियो आदि की व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें, ताकि छात्र-छात्राए तथा उपस्थित जनप्रतिनिधि एक साथ कार्यक्रम से जुड़ सकें. कार्यक्रम का औपचारिक समापन प्रात: 10.30 बजे आभार प्रदर्शन के साथ किया जाएगा. राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप इस आयोजन को अधिक व्यापक एवं सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेन्द्र दीक्षित, सीएमएचओ डॉ.कमला आर्य भी मौजूद थी.

**एक नजर में** — युद्ध स्तर पर की जा रही तैयारियां, जूनियर योगी भी होंगे शामिल

# कलश यात्रा के साथ नगर में होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**शाजापुर, 8 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है. आयोजन समितियां जहां सुबह सवेरे प्रभात फेरी निकालकर आयोजन की अलख जगा रही है. वहीं दिन और शाम के समय टोलियों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान जोर-शोर से किया जा रहा है.**



यहां होगा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

श्री संकट मोचन हनुमान हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि दिनांक 10 जनवरी शनिवार को महाराणा प्रताप बस्ती के हिंदू सम्मेलन का आयोजन टंकी चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 2.30 बजे से किया जाएगा. कार्यक्रम के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रभक्ति गतिविधियों के साथ स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयों पर संदेश प्रेरक प्रभावी नाट्य मंचन तथा महापुरुषों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां, संतों के आशीर्वचन मुख्य वक्ता का प्रभावी बौद्धिक तथा सामाजिक समरसता अंतर्गत एक संगत-एक पंगत का सहभोज आयोजित होगा. कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समितियों की टोलियां विगत एक पखवाड़े से सक्रियता के साथ निरंतर संगठन कार्य में जुटी हुई है. आयोजन समिति सदस्यों ने महाराणा प्रताप बस्ती के समस्त हिंदू परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

**10 को निकलेगी कलश यात्रा**

मुख्य आयोजन दिवस 10 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से स्टेशन रोड स्थित कृष्णा कॉलोनी से मातृशक्ति की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी. इसके पूर्व विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन के अलख जगाने के लिए गुरुवार को सनातनी वीरों द्वारा बस्ती में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया. उक्त वाहन रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए काली माता मंदिर स्टेशन रोड पहुंचकर समाप्त हुई.

### कड़ाके की ठंड में प्रभात फेरी और संपर्क

कड़ाके की ठंड के बीच लगातार गिरते तापमान की परवाह किए बगैर सनातन हिंदू शक्ति के जागरण हेतु नियमित प्रभात फेरी बस्ती में निकाली गई. प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों में राम नाम के साथ टोलियों ने भ्रमण किया और दिन में उन्हीं क्षेत्रों में घरों से संपर्क और परिवार पंजीयन किया गया. इसके साथ ही संध्या के समय क्षेत्र की मातृशक्ति द्वारा भी आयोजन को लेकर महिलाओं की सायं फैरी निकाली जा रही है.

### जूनियर योगी होंगे आयोजन के मुख्य अतिथि

विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जूनियर योगी महंत श्री विजेंद्रनाथजी महाराज प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासंघ का विशेष सान्निध्य समाजजनों को प्राप्त होगा. साथ ही प्रमुख विषयों के लिए मुख्य वक्ता भी उपस्थित रहेंगे. मंच पर सभी समाजों के समाज प्रमुखों की उपस्थिति सामाजिक समरसता का प्रदर्शन करेगी.



### युवा संगम रोजगार मेला 12 जनवरी को

**शाजापुर, 8 जनवरी.** शासन के निर्देशानुसार एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के द्वारा 12 जनवरी को प्रात: 10 बजे से 04 बजे तक कृषि उपज मंडी सारंगपुर में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले मे शाजापुर जिले के युवाओं.युवतियों के लिए निजी क्षेत्र में नौकरी रोजगार प्राप्त करने के लिए अवसर उपलब्ध है. आवेदको को केरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ साथ व्यवसाय प्राप्त करने के लिए लोन की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा. साथ ही युवा संगम रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित 100 कम्पनियों के लिए रिक्त लगभग 11 हजार पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगे. युवा संगम रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष तक के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्डए रिज्यूम के साथ युवा संगम रोजगारए स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते है.